# MAHD-07

## December - Examination 2025
## M.A. (Final) Examination
## हिन्दी
## भाषा विज्ञान
## Paper : MAHD-07

[*Time: **3** Hours*] [*Maximum Marks: **80***]

**निर्देश :–** यह प्रश्न–पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**खण्ड–'अ'** **8×2=16**

**(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)**

**निर्देश :–** **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –
   - (i) 'यादृच्छिकता' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।
   - (ii) 'क्रिया विशेषण' के प्रमुख भेदों के नाम लिखिए।
   - (iii) 'खासी' और 'मुंडा' भाषाएँ किस भाषा परिवार से सम्बन्ध रखती हैं?
   - (iv) ध्वनियों के वर्गीकरण के प्रमुख आधारों के नाम लिखिए।
   - (v) 'बोतल' किस भाषा का शब्द है?
   - (vi) लौकिक संस्कृत क्या है?
   - (vii) हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है?
   - (viii) राजस्थानी भाषा किस अपभ्रंश से निकली है?

**खण्ड–'ब'** **4×8=32**

**(लघु उत्तरीय प्रश्न)**

**निर्देश :–** **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

2. भाषा उद्भव के प्रतिभा सम्बन्धी सिद्धान्त पर टिप्पणी लिखिए।
3. वाक्य के आवश्यक तत्वों पर प्रकाश डालिए।
4. ध्वनि परिवर्तन सम्बन्धी 'बर्नर' के नियम को स्पष्ट कीजिए।
5. रूप परिवर्तन के प्रमुख कारकों को स्पष्ट कीजिए।
6. देवनागरी लिपि के दोषों की चर्चा कीजिए।
7. राजस्थानी भाषा की प्रमुख उपबोलियों को उनके भौगोलिक क्षेत्र सहित लिखिए।
8. राजभाषा और राष्ट्रभाषा के अंतर को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड–'स' **2×16=32**

## (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

**निर्देश** :– **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **16** अंक का है।

9. भाषा विज्ञान के अध्ययन की पद्धतियों पर एक निबन्ध लिखिए।
10. अर्थ परिवर्तन की दिशाओं पर एक निबन्ध लिखिए।
11. संपर्क भाषा किसे कहते हैं? संपर्क भाषा के रूप में हिन्दी की भूमिका पर एक लेख लिखिए।
12. भाषा शिक्षण और हिन्दी साहित्य शीर्षक से एक निबन्ध लिखिए।

-----------------------------